1991-92	nil	—
1992-93	2	High Power Transmitter, Jagdalpur (1 KW) High Power Transmitter, Jabalpur (1 KW interim set up)
1993-94	1	High Power Transmitter, Jabalpur (power augmented from 1 KW to 10 KW).
1994-95 (as on 30-4-94)	1	Low Power Transmitter, Jaora.

(c)and(d) The VeryLowPowerTVTransmit-ler under implementation at Jaspur in Raigarh distt, of Madhya Pradesh is expected to be commissioned during 1994-95, subject to availability of equipment and other infrastructural facilities for the purpose.

(e) Does not arise.

क्रॉस मीडिया प्रतिबंध

5500. श्री अजीत जोगी : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार उन समाचार पत्र संगठनों पर जिनकी रुचि दूरदर्शन के मैट्रो चैनलों और आकाशवाणी के लिए समाचार और समाचार से संबन्धित कार्यक्रम तैयार करने में है, क्रॉस मीडिया प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो क्या इसका कोई विरोध किया गया है: और

(ग) यदि हां, तो मुख्य रूप से किन बातों का विरोध किया गया है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के० पी० सिंह देव) : (क) जी, नहीं।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठते।

Financial Assistance to Producers of Documentaries

5501. SHRI CHIMANBHAI HARIBHAI SHUKLA: Will the Minister of INFORMA-TION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether there is any provision for financial assistance to the producers of documentaries particularly on family planning, anti-dowry and on social awareness in the languages listed in the Eighth Schedule of the constitution;

(b) if so, the details thereof; and

(c) if not, the reasons therefor ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI K. P. SINGH DEO): (a) to (c) The Films Division makes documentary films on various subjects like family welfare and anti-dowry movement and on social awareness. These films are dubbed in various Indian languages depending upon requirements. The Division produces them through its own directors or through outside directors engaged on *ad hoc* free basis or assigns the films on contract basis to outside producers on its panel. The Division provides financial assistance to these outside producers by making advance payments at different stages of production.

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में आकाशवाणी केन्द्र

5502. श्री मडेश्वर सिंह : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में आकाशवाणी के केन्द्रों की स्थापना करने का कोई निर्णय लिया गया था, यदि हां, तो उक्त योजना के अधीन उक्त केन्द्र की स्थापना कर दी गयी है; और

(ख) यदि हां, तो कब और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं और निर्माण कार्य के संबंध में अद्यतन स्थिति क्या है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के० पी० सिंह देव) : (क) जी, हां। सातवीं योजना के अंतर्गत कुल्लू में स्थापना हेतु 2 × 3 कि. वा. एफ. एम.

ट्रांसमीटर बहुद्देशीय स्टूडियो और स्टाफ क्वार्टरों सहित स्थानीय रेडियो केन्द्र की एक स्कीम को अनुमोदित किया गया। रूफ टाप एण्टीना सहित कुरुक्षु स्थित रिले केन्द्र तकनीकी रूप से तैयार है। स्थायी टावर की स्थापना का कार्य प्रगति पर है।

(ख) परियोजना की स्थापना हेतु पर्याप्त उपयुक्त भूमि उपलब्ध न होना परियोजना में विलम्ब का प्रमुख कारण है. इसकी अनुपलब्धता के कारण कुछ परिवर्तन करने पड़े हैं. जैसे कि टावर की ऊंचाई को 25 मीटर तक कम करना, और स्थानीय रेडियो केन्द्र की बजाय रिले केन्द्र की स्थापना।

''अकबर दि ग्रेट'' धारावाहिक का दूरदर्शन पर प्रसारण

5503. श्री शंकर दयाल सिंह : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दूरदर्शन पर दिखाये जा रहे ''अकबर दि ग्रेट'' नामक धारावाहिक के कुल कितने प्रकरण हैं और इसके लिये निर्माताओं को कुल कितनी धनराशि का भुगतान किया जायेगा;

(ख) क्या यह सच है कि इस धारावाहिक के कई आपत्तिजनक अंशों पर जनता ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है और सरकार को इस धारावाहिक का प्रसारण न करने के लिए कई ज्ञापन दिये गये हैं; और

(ग) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के० पी० सिंह देव) : (क) दूरदर्शन ने इस धारावाहिक के लिए 26 प्रकरण मंजूर किए हैं। चूंकि यह एक प्रायोजित धारावाहिक है, अतः दूरदर्शन द्वारा निर्माता को किसी प्रकार का भुगतान किया जाना अपेक्षित नहीं है।

(ख) और (ग) धारावाहिक में राणा प्रताप के चित्रण के बारे में शिकायतें प्राप्त हुई हैं। दूरदर्शन यह सुनिश्चित करेगा कि कोई भी आपत्तिजनक अंश टेलीकास्ट न किया जाए।

Complaints Against two Tele-Serials

5504. SHRI PRAMOD MAHAJAN: Will the Minister of INFORMATION & BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Government have received complaints against the serials "Akbar the Great" and "The Great Maratha"; and

(b) if so, what are the details thereof and the action taken by Government thereon ?

THE MINISTER OR STATE OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI K. P. SINGH DEO) (a) Yes. Sir.

(b) The complaints relate to depiction of important historical personalities in these serials. Doordashan previews each episode to ensure that nothing objectionable is telecast.

सूचना और प्रसारण सचिव द्वारा राजमाता के संबंध में की गई टिप्पणियां

5505. श्री शंकर दयाल सिंह क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 4 अप्रैल, 1994 के कुछ समाचार पत्रों में प्रकाशित उस समाचार की ओर दिलाया गया है जिसके अंतर्गत सूचना और प्रसारण सचिव ने राजमाता के संबंध में अशोभनीय टिप्पणियां की हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि सरकार के किसी वरिष्ठ अधिकारी द्वारा इस प्रकार की टिप्पणियों से संवैधानिक मर्यादा का हनन हुआ है; और

(ग) क्या सरकार ने इस मामले में कोई कार्यवाही की है,और यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है, और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के० पी० सिंह देव) : (क) सरकार ने 5 अप्रैल, 1994 को समाचार पत्र में प्रकाशित समाचार को देख लिया है। तथापि, सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव ने राजमाता के संबंध में कोई अशोभनीय टिप्पणी नहीं की थी।

(ख) तथा (ग) प्रश्न नहीं उठते।

Supreme Court's judgement against release of violence-soaked film

5506. SHRI PRAMOD MAHAJAN :
SHRI VIREN J. SHAH:

Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state :